तापमान

अधिकतम 42.0 डिग्री
न्यूनतम 23.0 डिग्री

हरिभूमि
कोरबा भूमि

बिलासपुर, सोमवार 8 अप्रैल 2024



4 कल से नवरात्रि, मंदिरों में जलेंगे मनोकामना ज्योतिकलश



## खबर संक्षेप

### पीईटी, पीपीटी, टीईटी, प्रवेश के लिए अंतिम दिन आज

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल की ओर से अगले महीने से आयोजित होने वाली प्रवेश और पात्रता परीक्षा के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 8 अप्रैल है। अभ्यर्थी प्री एग्रीकल्चर टेस्ट, प्री-पालिटेक्निक टेस्ट, प्री-फार्मेसी टेस्ट, प्री-मास्टर आफ कंप्यूटर एप्लीकेशन, बीएससी नर्सिंग पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए आवेदन करें। छत्तीसगढ़ शिक्षक पात्रता परीक्षा के लिए भी आवेदन करने का आज अंतिम दिन है। बीएड और डीएलएड उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं। आवेदन में त्रुटि सुधार के लिए अभ्यर्थी 8 से 10 अप्रैल तक आनलाइन कर सकते हैं। प्रवेश परीक्षाओं की शुरुआत प्री-एमसीए के साथ होगी, इसकी परीक्षा 30 मई को होगी। पीपीटी, सीजी टीईटी की परीक्षा 23 जून को होगी। वहीं बीएससी नर्सिक की प्रवेश परीक्षा 23 जून को निर्धारित की गई है। पीपीएचटी और पीईटी की परीक्षा 6 जून को प्रदेशभर में होगी। इन प्रवेश परीक्षाओं के लिए प्रदेशभर में अब तक 4 लाख से ज्यादा अभ्यर्थी आवेदन कर चुके हैं।

### एकलव्य विद्यालयों में कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु आवेदन 18 तक

**कोरबा।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय अंतर्गत कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास से प्राप्त जानकारी के अनुसार अनुसूचित जनजाति वर्ग के अभ्यर्थी वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 18 अप्रैल निर्धारित है। इसके साथ ही आवेदन के पश्चात त्रुटि सुधार हेतु 19 से 26 अप्रैल तथा प्रवेश हेतु चयन परीक्षा की तिथि 18 मई निर्धारित है। अधिक जानकारी के लिए एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय छुरीकला, लाफा पाली, पोड़ी-उपरोड़ा तथा प्रयास आवासीय विद्यालय डिंगापुर में संपर्क किया जा सकता है।

### लू से बचाव हेतु जारी की एडवाइजरी

**कोरबा।** ग्रीष्म कालीन मौसम प्रारंभ होने पर तथा अधिक गर्मी पड़ने से शुष्क वातावरण में लू (तापाघात) की संभावना अधिक होती है। जो घातक या जानलेवा हो सकती है। जिले में बढ़ रही गर्मी को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग द्वारा लू से बचाव हेतु आवश्यक उपाय अपनाने के लिए एडवाइजरी जारी की है। हालांकि रविवार से मौसम के तापमान में गिरावट दर्ज की गई है और आने वाले दो तीन दिनों गर्मी से राहत मिलेगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि जिले में लगातार मौसम परिवर्तन के बाद तेज धूप एवं गर्मी प्रारंभ हो गया है। जिसके कारण लू लगने की संभावना बढ़ गई है। सूर्य की तेज गर्मी के दुष्प्रभाव से शरीर के तापमान में विपरीत प्रभाव पड़ता है जिससे शरीर में पानी और खनिज लवण नमक की कमी हो जाती है इसे लू लगना या हीट-स्ट्रोक कहा जाता है।

### एग्जिट पोल के आयोजन और प्रसारण पर रहेगा प्रतिबंध

**कोरबा।** लोकसभा चुनाव के अंतर्गत आगामी 19 अप्रैल से 1 जून तक किसी भी तरह के एग्जिट पोल के आयोजन तथा प्रसारण को प्रतिबंधित किया है। आयोग द्वारा इस संबंध में अधिसूचना जारी करते हुए लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के प्रावधानों के तहत इस अवधि के दौरान किसी भी प्रकार के एग्जिट पोल के आयोजन तथा प्रसारण को प्रतिबंधित किया गया है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी अधिसूचना में 9 उल्लेखित है कि लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत 19 अप्रैल को प्रातः 7 बजे से 1 जून की शाम 6 बजे तक की अवधि में लोकसभा आम निर्वाचन के संदर्भ में किसी भी तरह के एग्जिट पोल का आयोजन करने तथा प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया द्वारा इसके परिणाम के प्रकाशन करने पर प्रतिबंध है।

# बोर्ड परीक्षाओं की कॉपियों का मूल्यांकन अब अनिवार्य कार्य घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा ली गई बोर्ड परीक्षाओं के कॉपियों के मूल्यांकन कार्य को राज्य शासन ने अनिवार्य कार्य घोषित कर दिया है। अब कोई भी शिक्षक कॉपियों के मूल्यांकन कार्य को इंकार नहीं कर सकता। इंकार करने वालों के विरुद्ध सीधे माध्यमिक शिक्षा मंडल से कड़ी कार्यवाही की जाएगी जिसमें निलंबन भी शामिल है।

लोकसभा चुनाव में ड्यूटी शिक्षकों की भी लगाई गई है। जिनमें बोर्ड परीक्षा की कॉपियों का मूल्यांकन कार्य करने वाले शिक्षक भी शामिल हैं। इन शिक्षकों के चुनाव प्रशिक्षण कार्यक्रम में 3 दिन जाने से हजारों कॉपियों का मूल्यांकन कार्य प्रभावित हुआ है। जिले में साडा कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल के साथ एनसीडीसी हायर सेकेण्डरी स्कूल में मूल्यांकन का कार्य जारी है। 2 अप्रैल से 4 अप्रैल तक चुनाव प्रशिक्षण कार्यक्रम में शिक्षकों को बुलाए जाने से दोनों मूल्यांकन केंद्रों से 3 सौ से अधिक शिक्षकों के 3 दिन तक मूल्यांकन के लिए नहीं पहुंचने से 7 से 8 हजार कापियों का मूल्यांकन प्रभावित हुआ था। शिक्षकों के चुनावी ड्यूटी के प्रशिक्षण कार्यक्रम में जाने से मूल्यांकन कार्य के प्रभावित होने की स्थिति को देखते हुए राज्य शासन ने अब मूल्यांकन कार्य को अनिवार्य कार्य घोषित कर दिया है। अब कोई भी शिक्षक जिसकी ड्यूटी मूल्यांकन कार्य में लगाई गई है वह इंकार नहीं कर सकता। इंकार करने की स्थिति में उसके विरुद्ध माध्यमिक शिक्षा मंडल के द्वारा सीधे निलंबन की कार्यवाही की जाएगी। मूल्यांकन को लेकर जिस तरह से शिक्षको की कमी नजर आ रही है उसके लिए अन्य शिक्षकों की भी सेवाएं ली जाएंगी।

## राज्य शासन ने जारी किया आदेश

**खास बातें**

- इनकार करने पर सीधे माध्यमिक शिक्षा मंडल से होगी कार्रवाई
- मूल्यांकन कार्य नहीं होगा प्रभावित



### निजी स्कूलों के शिक्षक भी कर रहे ड्यूटी

मूल्यांकन कार्य में बड़े निजी स्कूल के विषय विशेषज्ञ शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई। जिससे मूल्यांकन केंद्रों में शिक्षकों की संख्या में वृद्धि हुई है तब जाकर मूल्यांकन के कार्य ने रफ्तार पकड़ा है। वर्तमान में प्रत्येक मूल्यांकन केंद्र में 3 सौ से अधिक शिक्षकों की ड्यूटी मूल्यांकन कार्य के लिए लगाई गई है। दोनों मूल्यांकन केंद्रों में 6 सौ से अधिक शिक्षक मूल्यांकन कार्य की ड्यूटी कर रहे हैं। चुनाव प्रशिक्षण कार्यक्रम से अभी तक निजी स्कूल के शिक्षकों को दूर रखा गया है।

## 771 मतदाताओं में 717 ने किया मतदान

# जिला अधिवक्ता संघ के प्रत्याशियों के लिए हुआ मतदान, परिणाम आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला अधिवक्ता संघ की नई कार्यकारिणी के लिए रविवार को न्यायालय परिसर में बनाए गए मतदान केंद्र में मतदान की प्रक्रिया पूर्ण कराई गई। कुल 771 मतदाताओं में 717 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। अध्यक्ष एवं सचिव पद हेतु 4-4 प्रत्याशी सहित कुल 35 प्रत्याशी विभिन्न पदों के लिए मैदान में थे। मतों की गणना सोमवार को किए जाने के बाद परिणाम की घोषणा की जाएगी।

**खास बात**

- अध्यक्ष व सचिव के 4-4 सहित कुल 35 प्रत्याशी थे मैदान में

अधिवक्ता संघ के चुनाव को लेकर बीते एक पखवाड़े से चुनावी शोर के साथ मतदाताओं को अपने पक्ष में करने के लिए प्रत्याशियों के द्वारा किए जा रहे जोर आजमाइश का दौर रविवार को मतदान के बाद समाप्त हो गया। कुल 35 प्रत्याशियों के लिए 717 मतदाताओं ने वोट डाले। सुबह 8 बजे से मतदान की प्रक्रिया चुनाव अधिकारी गोपी कौशिक अपनी टीम के साथ शुरु करा दी थी। मतदान शुरु होने के पहले ही प्रत्याशी न्यायालय परिसर में पहुंच चुके थे। जो वोट डालने आने वाले अधिवक्ता मतदाताओं को अपने पक्ष में करने के लिए जुटे हुए थे। सुबह 9 बजे के बाद मतदान की प्रक्रिया में तेजी आने लगी। जब शहरी क्षेत्र के अधिवक्ता वोट डालने पहुंचने लगे और फिर शुरु हुआ मतदाताओं को रिझाने का दौर। मतदान की प्रक्रिया के दौरान आईटीआई ⏭ शेष पेज 3 पर



मतदान करते मतदाता।



प्रत्याशियों से घिरे मतदाता।

### वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने झोंकी ताकत

चुनाव मैदान में उतरे प्रत्याशी जिस तरह जीत के लिए एक पखवाड़े से जोड़ तोड़ में जुटे हुए थे वहीं दूसरी ओर कुछ वरिष्ठ अधिवक्ताओं की प्रतिष्ठा भी प्रत्याशियों के साथ जुड़ी थी। लिहाजा वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने अपने समर्थित प्रत्याशियों को जीताने के लिए ताकत झोंक दी थी। हालांकि न्यायालय के मुख्यद्वार में वरिष्ठ अधिवक्ता नजर भले ही नहीं आए लेकिन न्यायालय परिसर में ही अलग अलग स्थानों में बैठकर अपने अपने मतदाताओं से संपर्क साध रहे थे। वहीं जूनियर वकील जिन्हें न्यायालय में कदम रखे हुए 1 से 2 वर्ष ही हुआ है वे भी अपने सीनियर के लिए जी जान लगाए हुए थे।

### रोचक मुकाबले पर होती रही चर्चा

अधिवक्ता संघ के चुनाव के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सचिव पद के लिए जहां न्यायालय परिसर में रोचक मुकाबले को लेकर चर्चा हो रही थी वहीं न्यायालय परिसर के बाहर भी चर्चाओं का दौर चल रहा था। अध्यक्ष पद के लिए किनके बीच सीधी टक्कर है इसे लेकर सबसे ज्यादा चर्चा रही। दूसरे नंबर पर सचिव पद के लिए चर्चा होती रही। अध्यक्ष पद के लिए अब्दुल रहमान और सुधीर निगम और धनेश सिंह पहली बार ताल ठोक रहे थे तो वहीं गणेश कुलदीप दूसरी बार मैदान में थे। इसी तरह सचिव पद के लिए नूतन सिंह ठाकुर दूसरी बार मैदान में थे। वहीं अमरनाथ कौशिक लगातार 4वीं बार मैदान में उतरे हैं।

### किस पद के कितने प्रत्याशी

अध्यक्ष पद के लिए अब्दुल रहमान, सुधीर निगम, गणेश कुलदीप, धनेश सिंह सहित कुल चार लोग दावेदार हैं। इसी तरह वरिष्ठ उपाध्यक्ष पुरुष पद के लिए बीपी मोदी, अनीश सक्सेना, नरेश साहू, संदीप प्रजापति, महिला उपाध्यक्ष में सुश्री राजेश्वरी राठौर, श्रीमती शिवकुमारी कंवर, सुश्री उत्तरा राठौर, इसी तरह सचिव पद के लिए सुनील यादव, नूतन सिंह, रघुनंदन सिंह व प्रशांत धुर्य, सहसचिव पद के लिए राजू देवांगन, बालकराम बरेठ, सौरभ अग्रवाल, एन के पासवान, कोषाध्यक्ष पद के लिए अमरनाथ कौशिक, सुनील सोनवानी, ग्रंथालय सचिव के लिए राजकुमार यादव, क्रांति श्रीवास, कमलेश श्रीवास, क्रीड़ा सचिव के लिए लक्ष्मण पटेल, सुरेश महंत, कार्यकारिणी पद के लिए अब्दुल नफीस खान, श्रीमती शिल्पा दांडेकर, चैतराम साहू, प्रवीण राठौर, श्रीमती ज्योति वर्मा, रोमेश सिंह, रामेश्वर सिंह कंवर, खेमलाल किशोर, रीता पुलस्त मैदान में थे।

# कोल इंडिया के कुल उत्पादन में 12 परियोजनाओं की है आधी हिस्सेदारी


हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोल इंडिया के कुल कोयला उत्पादन में 7 अनुषंगी कंपनियों के 85 परियोजनाओं में 12 परियोजना ऐसी है जिन्होंने आधी हिस्सेदारी दी है। इन टॉप 12 परियोजनाओं में जिले के तीन परियोजनाएं भी शामिल हैं। टॉप 12 में गेवरा पहले पायदान पर है तो वहीं कुसमुंडा तीसरे नंबर तो दीपका पांचवें नंबर पर है। इनके बदौलत ही कोल इंडिया ने बीते वित्तीय वर्ष 773.64 मिलियन टन कोयला उत्पादन किया है।

**खास बातें**

- इन 12 परियोजनाओं से 406.68 मिलियन टन यानी 52.56 फीसदी किया गया कोयला उत्पादन
- टॉप 12 परियोजनाओं में जिले में संचालित एसईसीएल के तीन परियोजनाएं शामिल

वित्तीय वर्ष 2023-24 में कोल इंडिया लिमिटेड ने 773.64 मिलियन टन कोयला उत्पादन का रिकार्ड दर्ज किया है। सीआईएल के 7 अनुषांगिक कंपनियां एसईसीएल, बीसीसीएल, सीसीएल, ईसीएल, एमसीएल, एनसीएल, डब्ल्यूसीएल हैं। इन सात अनुषंगी कंपनियों की कुल 85 एरिया परियोजनाओं से कोयला उत्पादन होता है। 85 में से 12 परियोजनाएं ऐसी हैं जो कोल इंडिया का 50 फीसदी उत्पादन करती हैं। कोल इंडिया की अनुषंगी कंपनियों के इन 12 परियोजनाओं से बीते वित्तीय वर्ष 406.68 मिलियन टन यानी 52.56 फीसदी कोयला उत्पादन किया गया है। कोल इंडिया के उत्पादन में आधी हिस्सेदारी देने वाली टॉप 12 परियोजनाओं में शामिल कंपनियों में मुख्य रुप से जिले के गेवरा परियोजना से 60 मिलियन टन की जगह 59.11 मिलियन टन कोयला उत्पादन किया गया है। इसी तरह एमसीएल के जगन्नाथ परियोजना से 53.5 की जगह 51.74, कुसमुंडा परियोजना से 50 की जगह 50.13, बसुंधरा परियोजना से 39.2 की जगह 39.2, एसईसीएल दीपका परियोजना से 40 की जगह 33.42, लखनपुर परियोजना से 31.5 की जगह 32.2, जयंत परियोजना से 28.5 की जगह 30, दूधीचुआ परियोजना से 24 की जगह 25, निगाही परियोजना से 22.5 की जगह 22.5, आम्रपाली परियोजना से 21 की जगह 22.58 मिलियन टन कोयला उत्पादन किया गया है।



फाइल फोटो

# ट्रेलर चालक ने बाइक सवार वृद्ध को लिया अपनी चपेट में, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बिलासपुर अंबिकापुर एनएच में ग्राम मुनगाडीह के समीप एक तेज रफ्तार चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक सवार को अपनी चपेट में ले लिया। इस सड़क हादसे में बाइक सवार एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई वहीं एक व्यक्ति गंभीर रुप से हो गया है जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

सड़क हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा हैं। घटना पाली थानांतर्गत ग्राम मुनगाडीह मार्ग में आज दोपहर ट्रेलर क्रमांक सीजी 12 एस 5390 के चालक ने तेज रफ्तार से लापरवाही पूर्वक वाहन चलाकर बाइक सवार को रौंद दिया। हादसे में बिलासपुर जिले के नेहरूनगर निवासी श्यामलाल रमानी 60 वर्ष की मौके पर मौत हो गई। वहीं बाइक सवार सुरेन्द्र 33 वर्ष पिता जीवराखन निर्मलकर गंभीर रुप घायल है। हादसे के बाद दुर्घटनाकारित ट्रेलर चालक ⏭ शेष पेज 3 पर



सड़क हादसे में मृत वृद्ध एवं दुर्घटनाग्रस्त बाइक।

# मौसम ने लिया यूटर्न, दिनभर छाए रहे बादल, कुछ स्थानों पर बूंदाबांदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

रविवार की सुबह अचानक मौसम ने यूटर्न ले लिया। सुबह से ही शहर में तेज हवाएं चल रही थी, साथ ही आसमान पर बादल छाए हुए थे। मौसम में बदलाव की वजह से कहीं-कहीं पर हल्की बूंदाबांदी भी हुई है। पावर हाउस रोड पर हिंदू नववर्ष समारोह के लिए लगाया गया पंडाल भी तेज आंधी में धराशायी हो गया है। हालांकि मौसम बदलने से लोगों को तेज गर्मी से राहत मिली है।

**खास बातें**

- मौसम में आए बदलाव की वजह से लोगों को गर्मी से मिली राहत
- सोनालिया पुल पर बनाया गया पंडाल हुआ धराशाही, बाल बाल बचे लोग




सुनालिया पुल में बनाया गया टेंट हवा में गिरा।

जिले सहित अन्य जिलों में बारिश की संभावना मौसम विभाग ने जताई है। यही वजह है कि रविवार की सुबह अचानक मौसम में बदलाव देखने को मिला। सुबह से ही तेज आंधी तूफान के साथ कई स्थानों पर हल्की बूंदाबांदी होने लगी। मौसम में आए बदलाव व आंधी तूफान की वजह से कुछ स्थानों पर विद्युत आपूर्ति भी बाधित रही। दिन भर बादल छाये रहे जिसकी वजह से लोगों को भीषण गर्मी से राहत भी मिली है। वहीं दूसरी ओर 9 अप्रैल को हिंदू नव वर्ष के शुभारंभ की तैयारी भी जोर शोर से की जा रही है। इस अवसर पर नगर में भव्य शोभायात्रा निकालने की तैयारी है। जिसके लिए पूरे शहर को दुल्हन की तरह सजाया जा रहा हैं। विद्युत बल्बों की रँगीनिया देखते ही बनती हैं। इस साज-सज्जा को उस वक्त ग्रहण लग गया जब मौसम में अचानक बदलाव आया। तेज आंधी तूफान की वजह से पावर हाउस रोड स्थित नहर पुल पर लगाया गया पण्डाल को धराशाही हो गया। सुबह करीब 8:30 बजे अचानक मौसम खराब होने पर तेज हवा चली और पूरा पंडाल गिर ⏭ शेष पेज 3 पर

## प्रदेश में बढ़ते औद्योगीकरण की वजह से तेजी से बढ़ रही ऊर्जा की जरूरतें

# 6 वर्षों में डेढ़ गुना बढ़ जाएगी बिजली की डिमांड, उत्पादन में नहीं हो रही बढ़ोत्तरी



फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

प्रदेश में बढ़ते औद्योगिकरण से ऊर्जा की जरूरतें तेजी से बढ़ रही है। बिजली की मांग में सालाना साढ़े सात फीसदी का इजाफा हो रहा है। मांग में बढ़ोत्तरी इसी प्रकार होती रही तो वर्ष 2029-30 में राज्य को 8805 मेगावॉट बिजली की जरुरत होगी, जो वर्तमान में लगभग 6000 मेगावॉट है। यह अनुमान केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण ने 20वीं इलेक्ट्रिक पॉवर सर्वे के आधार पर लगाया है। सर्वे के आधार पर विद्युत प्राधिकरण ने बताया कि राज्य की बिजली जरूरतें हर साल लगभग साढ़े सात फीसदी इजाफा हो रहा है।

उल्लेखनीय है कि राज्य में बिजली की मांग अप्रैल से सितंबर तक लगभग सामान्य रहती है। जबकि अन्य माह में रात की तुलना में दिन में बिजली की खपत अधिक होती है। प्रदेश में बिजली को पूरा करने में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका छत्तीसगढ़ विद्युत उत्पादन कंपनी की है, जिसकी वर्तमान उत्पादन क्षमता 2445 मेगावॉट है। यह कुल खपत का लगभग 40 फीसदी है। बिजली की शेष मांग को पूरा करने के लिए छत्तीसगढ़ बिजली वितरण कंपनी को अन्य कंपनियों पर निर्भर रहना पड़ता है।

### 1320 मेगावॉट संयंत्र निर्माण ठंडे बस्ते में

प्रदेश में बिजली की बढ़ती मांग और बंद होती पुरानी इकाइयों के स्थान पर नया संयंत्र लगाने की योजना है। इसके लिए प्रदेश की पूर्व सरकार ने कोरबा पश्चिम में 1320 मेगावॉट संयंत्र की स्थापना के लिए आधारशिला रखी थी। इसके लिए पर्यावरणीय सुनवाई का काम पूरा हो गया है। संयंत्र की स्थापना में आर्थिक सहयोग देने के लिए बैंक भी सामने आएं हैं। लेकिन अब प्रदेश सरकार इस संयंत्र की स्थापना में रूचि नहीं ले रही है। इससे प्रस्तावित संयंत्र ठंडे बस्ते में चला गया है।

### प्रदेश में 7858 मेगावॉट बिजली का उत्पादन

वर्तमान में छत्तीसगढ़ में 7858 मेगावॉट बिजली का उत्पादन किया जा रहा है। इसमें छत्तीसगढ़ बिजली उत्पादन कंपनी के अलावा एनटीपीसी और अन्य विद्युत कंपनियों के संयंत्र शामिल है। यहां कुल बिजली का लगभग 80 फीसदी हिस्सा कोयला से होता है। 50 मेगावाट की चार इकाईयों के बाद 31 दिसंबर 2020 को कोरबा पूर्व संयंत्र की 120-120 मेगावॉट की दो इकाइयां बंद हो गई है। कोरबा पूर्व संयंत्र के इन इकाइयों के बंद होने से छत्तीसगढ़ बिजली उत्पादन में कंपनी को 440 मेगावॉट की कमी हुई है। वर्ष 2029 में उत्पादन कंपनी के एचटीपीपी संयंत्र की 210 मेगावॉट की चार इकाइयां भी बंद होने वाली है।

### इलेक्ट्रिक पॉवर सर्वे में कब कितनी होगी मांग

| वित्तीय वर्ष | मांग (मेगावॉट) |
|---|---|
| 2023-24 | 5824 |
| 2024-25 | 6232 |
| 2025-26 | 6668 |
| 2026-27 | 7165 |
| 2027-28 | 7634 |
| 2028-29 | 8168 |
| 2029-30 | 8740 |

### ग्राम गिद्धमुडी में आयोजित हुआ विधिक शिविर

**कोरबा।** जिले के दूरस्थ सरहदी आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र में नाबालिकों का विवाह की घटना अनभिज्ञता एवं अज्ञानता के कारण होती रहती है। नाबालिकों के विवाह से होने वाली हानियों को दृष्टिगत रखते हुए जागरूकता लाने एवं भविष्य में ऐसी घटना की पुर्नरावृत्ति न हो के उद्देश्य से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा के द्वारा विधिक जागरूकता कार्यक्रम, शिविर किए जाने हेतु निर्देशित किया गया था। मोरगा चौकी अंतर्गत जंगल परिक्षेत्र के ग्राम गिद्धमुडी में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन कर विधिक जानकारी से अनभिज्ञ ग्रामीण जनो को विधिक जानकारी प्रदान किया गया। पीएलवी रविशंकर ने बताया कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के तहत बाल विवाह एक संज्ञेय एवं गैर जमानती अपराध है।



# रामायण के सेट से तस्वीरें लीक, मोबाइल पर लगा बैन

**मुंबई।** फिल्म रामायण के सेट से लगातार तस्वीरें लीक हो रही हैं। इन सभी बातों से डायरेक्टर नितेश तिवारी काफी अपसेट हैं। सबसे पहले फिल्म रामायण के सेट की इंटरनेट पर तस्वीरें लीक हुईं। अब सोशल मीडिया पर दशरथ बने अरुण गोविल और कैकयी बनीं लारा दत्ता का लुक रिवील हो गया है। लंबी दाढ़ी और बालों में अरुण गोविल को पहचान पाना मुश्किल है। यूं स्टार्स की फोटोज लीक होने से मेकर्स काफी परेशान हैं। इसलिए अब डायरेक्टर नितेश तिवारी ने अहम फैसला लिया है। सूत्र के हवाले से बताया कि सेट पर नो फोन पॉलिसी लागू की गई है।

लाइफ Style

# अदा

## मैं एक प्राइवेट पर्सन हूं



बॉलीवुड एक्ट्रेस अदा शर्मा पिछले दिनों द केरल स्टोरी को लेकर खूब चर्चा में रहीं। इसके बाद अदा 'बस्तरः द नक्सल स्टोरी' में भी नजर आईं। लेकिन, फिल्म को द केरल स्टोरी की तरह सफलता नहीं मिल पाई। पिछले दिनों अदा एक और वजह से चर्चा में थीं। अभिनेत्री कुछ समय पहले दिवंगत बॉलीवुड एक्टर सुशांत सिंह राजपूत के मुंबई वाले अपार्टमेंट के बाहर नजर आई थीं।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

एक्ट्रेस को सुशांत सिंह राजपूत के अपार्टमेंट के बाहर देखे जाने के बाद ऐसी चर्चा होने लगी कि अभिनेत्री अभिनेता के अपार्टमेंट को या तो खरीदने वाली हैं या फिर यहां वह किराये से रहेंगी। हालांकि, अब तक अदा ने इन खबरों पर चुप्पी साध रखी थी। एक इंटरव्यू में अदा शर्मा ने सुशांत सिंह राजपूत के अपार्टमेंट के बाहर खुद को देखे जाने पर रिएक्शन देते हुए कहा, फिलहाल मैं बस यही कहना चाहूंगी कि मैं सभी के दिलों में रहती हूं। बोलने का एक सही समय होता है। जब मैं वह जगह देखने गई थी तो मीडिया का ध्यान देखकर हैरान रह गई थी। मैं एक प्राइवेट पर्सन हूं। मुझे अपनी फिल्मों के लिए लोगों की नजरों में रहना पसंद है, लेकिन मैं हमेशा ही अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर प्राइवेट रही हूं। मैं अपनी प्राइवेसी की रक्षा करती हूं।

अदा ने आगे कहा, 'मुझे लोगों का ढीले-ढाले कमेंट करना पसंद नहीं है मुझे यह पसंद नहीं आया। मैंने उनके बारे में कुछ कमेंट पढ़े। मेरा मतलब है, आप मुझे ट्रोल कर सकते हैं, लेकिन किसी ऐसे व्यक्ति को ट्रोल न करें जो वहां मौजूद नहीं है या जिसके बारे में बोलने के लिए कोई नहीं है। मैं जल्द ही इस बारे में बोलूंगी कि मैं कहां रहती हूं, लेकिन अभी मैं लाखों लोगों के दिलों में रह रही हूं, वो भी बिना किराये के।

## फिल्मी मसाला



# खरीदा 500 करोड़ का घर...

**लॉस एंजेलिस।** हॉलीवुड की लिस्ट जोड़ी जेनिफर लोपेज और बेन एफ्लेक इन दिनों न्यूयॉर्क में घर की तलाश में व्यस्त हैं। हालांकि, अगर हम उनके लॉस एंजेलिस वाले घर की बात करें तो उन्होंने इसे हमारे देश के सबसे अमीर बिजनेसमैन की लिस्ट में शामिल मुकेश अंबानी की बेटी ईशा अंबानी और आनंद पीरामल से खरीदा था। जेनिफर और बेन ने पिछले साल जून में ईशा से यह घर खरीदा था। बेवर्ली हिल्स के ठीक बीच में स्थित यह आलीशान बंगला 38,000 वर्ग फुट में फैला हुआ है।



# भुवन बाम की ताजा खबर 2 का टीजर जारी


मुंबई। यूट्यूबर और एक्टर भुवन बाम की हिट वेब सीरीज 'ताजा खबर' के दूसरे सीजन का टीजर रिलीज कर दिया गया है। हिमांक गौर द्वारा निर्देशित 'ताजा खबर 2' की शूटिंग शुरू हो चुकी है और इसे जल्द ही ओटीटी प्लेटफॉर्म डिज्नी+हॉटस्टार पर रिलीज किया जाएगा। 'ताजा खबर 2' के टीजर की शुरुआत भुवन बाम के किरदार वस्या से होती है, जो कहता है कि जिंदगी बड़ी अजीब है। कभी कभी मौत से शुरू होती है।

सीरीज की कहानी वंसत गावड़े उर्फ वस्या की है और भुवन बाम ने उसी का किरदार निभाया है। एक भयानक खुलासे और तनावपूर्ण रिश्तों के बीच, यह एक ऐसे व्यक्ति की कहानी है, जिसे अचानक जादुई शक्तियां मिल जाती हैं। उससे उसकी जिंदगी में भारी उथल-पुथल मच जाती है।



# दो और दो प्यार का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** अपनी आखिरी प्रदर्शित फिल्म नीयत में अपनी भूमिका से दर्शकों को प्रभावित करने वाली विद्या बालन इन दिनों अपनी अगली प्रदर्शित होने वाली फिल्म दो और दो प्यार को लेकर खासी चर्चाओं में हैं। इस फिल्म में वे प्रतीक गांधी के साथ दिखाई देंगी, जो हाल ही में प्रदर्शित हुई मडगांव एक्सप्रेस में नजर आए थे। रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म 'दो और दो प्यार' का ट्रेलर जारी हो चुका है। विद्या बालन, प्रतीक गांधी, इलियाना डिक्रूज और सेंथिल राममूर्ति अभिनीत फिल्म रोमांस की नई परिभाषा सिखाएगी। फिल्म का ट्रेलर कॉमेडी, इमोशन और रोमांटिक ट्विस्ट के साथ काफी दिलचस्प लग रहा है। ट्रेलर में दर्शक दो विवाहित जोड़ों की झलक देखते हैं, जो अपने रिश्तों में फिर से चिंगारी जगाने की कोशिश कर रहे हैं।



# 14 साल बाद हुआ फरदीन खान का कमबैक

**मुंबई।** फरदीन खान जहां 'हीरामंडीः द डायमंड बाज़ार' के जरिए 14 साल बाद एक्टिंग की दुनिया में कदम रख रहे हैं। वहीं, रियल लाइफ पिता-पुत्र की जोड़ी भी सीरीज में दमदार रोल निभाते हुए नजर आएंगे। उनके लुक भी फिल्म से रिवील हुए हैं। इनके अलावा एक और हीरो का लुक भी रिवील किया गया है। 'हीरामंडीः द डायमंड बाज़ार' से फरदीन का लुक रिवील किया गया है। फरदीन खान ने वली मोहम्मद का किरदार निभाया है। वली मोहम्मद एक ऐसा नवाब है, जो हीरामंडी की महिलाओं के साथ खड़ा है और उको सपोर्ट करता है। फरदीन खान ने अपने इस किरदार को लेकर एक्साइटमेंट जताई है. उन्होंने कहा कि इस तरह के किरदार के साथ अपना नेटफ्लिक्स डेब्यू करना स्क्रीन पर एकदम सही कमबैक जैसा लगता है।



# एक्शन से भरपूर रुसलान का ट्रेलर लॉन्च




**मुंबई।** एक्टर आयुष शर्मा की आने वाली फिल्म 'रुसलान' का धमाकेदार ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म का टीजर और गाने पहले ही दर्शकों के बीच चर्चा का विषय बन चुके हैं। ट्रेलर रिलीज होने के बाद दर्शकों के बीच फिल्म को लेकर काफी उत्साह है। इस पावर पैक्ड एक्शन फिल्म में आयुष शर्मा का किरदार बेहद खतरनाक लग रहा है। मेकर्स ने फिल्म में एक्शन के साथ-साथ रोमांस का तड़का भी लगाया है। यह फिल्म 26 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। मेकर्स ने फिल्म में एक्शन के साथ-साथ रोमांस का तड़का भी लगाया है। ट्रेलर में आयुष शर्मा के अलावा जगपति बाबू, सुश्री मिश्रा और सुनील शेट्टी भी नजर आ रहे हैं। फिल्म में जहीर इकबाल भी अहम भूमिका में नजर आ रहे हैं। रुसलान' का निर्देशन करण ललित बुटानी ने किया है। वहीं, केके राधामोहन ने इसे प्रोड्यूस किया है। ट्रेलर से पहले मेकर्स ने फिल्म के दो गाने रिलीज किए हैं, जो लोगों को खूब पसंद आ रहे हैं।



# 48 की उम्र में जागी शादी करने की इच्छा

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस सुष्मिता सेन आखिरी बार वेब सीरीज ताली और आर्या 3 में नजर आई थीं। दोनों सीरीज से उन्होंने खूब सुर्खियां बटोरीं। इसके अलावा वह अपनी पर्सनल लाइफ (सुष्मिता सेन वेडिंग प्लान) को लेकर भी चर्चा में रहती हैं। एक्ट्रेस अपने रिलेशनशिप और बॉयफ्रेंड को लेकर काफी सुर्खियों में रहीं। वहीं फैंस को अब उनकी शादी का इंतजार है। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपनी शादी के प्लान के बारे में बात की है। शादी करने के सवाल पर एक्ट्रेस ने कहा कि वह शादी जरूर करेंगी। उन्होंने कहा, 'यह कभी भी 'कभी नहीं' वाली स्थिति नहीं थी। चाहे जैविक घड़ी हो या समाज के नियम, ये कभी भी शादी करने का सही कारण नहीं है। जहां तक मेरी बात है तो अगर मेरे सामने वाला शख्स सही है और मेरे सभी मानकों पर खरा उतरता है तो मैं जरूर शादी करूंगी।'

पर्सनल लाइफ की बात करें तो सुष्मिता लंबे समय से रोहमन के साथ अपने रिश्ते को लेकर खबरों में हैं। इस जोड़े ने 2018 में डेटिंग शुरू की और 2021 में एक इंस्टाग्राम पोस्ट में दोनों ने अपने ब्रेकअप की घोषणा की। हालांकि वे आज भी साथ देखे जाते हैं।

# जैकलीन के किलर डांस मूव्स ने सोशल मीडिया पर लगाई आग

**मुंबई।** बॉलीवुड फिल्म एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडिस पहले ही अपनी खूबसूरती और एक्टिंग से दर्शकों को प्रभावित कर चुकी हैं। अब बारी है उनके कातिलाना डांस मूव्स की। हाल ही में एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडिस का एक हॉट वीडियो सामने आया है। इसमें एक्ट्रेस अपने हिट गाने2 'यिम्मी यिम्मी' पर डांस करती नजर आ रही हैं। इस डांस वीडियो में एक्ट्रेस का इस गाने के लिए ट्रेनिंग सेशन दिखाया गया है। इसमें एक्ट्रेस अपने दो को-डांसर्स के साथ जोरदार प्रैक्टिस करती नजर आ रही थीं। सामने आए इस वीडियो में एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडिस व्हाइट शॉर्ट स्कर्ट और ब्लाउज के साथ 'यिम्मी यिम्मी' गाने पर डांस कर रही हैं। ये देखकर लोग हैरान रह गए।

इस वीडियो में एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडिस जबरदस्त डांस करती नजर आ रही हैं। उनके मूव्स ने इंटरनेट पर आते ही तहलका मचा दिया। इस वीडियो के सामने आने के बाद लोग इस पर जमकर कमेंट करते नजर आए। इस वीडियो को देखने के बाद एक यूजर ने उनकी तुलना नोरा फतेही से कर दी। तो एक यूजर ने उन्हें नोरा फतेही से बेहतर बताया है। वहीं कई यूजर्स का मानना है कि एक्ट्रेस ने नोरा फतेही को छोड़ दिया है।

# सुचित्रा ने कई अवाड्र्स को मारी थीं ठोकर

## फिल्म फ्लाप होने पर खुद को कमरे में किया नजरबंद



**मुंबई।** बॉलीवुड इंडस्ट्री की दिग्गज अभिनेत्री सुचित्रा सेन एक समय इंडस्ट्री की टॉप एक्ट्रेस थीं। देवदास में पारो का किरदार निभाकर उन्होंने दर्शकों के दिलों पर छाप छोड़ी। भले ही एक्ट्रेस अब इस दुनिया में नहीं हैं, लेकिन आज भी लोग उनके सदाबहार गाने गुनगुनाने से खुद को नहीं रोक पाते हैं। सुचित्रा सेन का रुतबा इंडस्ट्री में ऐसा रहा है कि जो हसीनाएं राज कपूर जैसे दिग्गज सितारों की फिल्में करने के लिए तरसती थीं, वो छोटी-छोटी बातों पर फिल्में ठुकरा देती थीं।

### कम उम्र में शादी हो गई



पहले के समय में शादी बहुत जल्दी हो जाती थी। सुचित्रा सेन की शादी भी महज 15 साल की उम्र में हो गई थी। वर्ष 1947 में उनके पिता ने उनकी शादी दिबानाथ सेन से कर दी। दिबानाथ सेन उस समय एक सफल व्यवसायी थे। शादी के ठीक एक साल बाद सुचित्रा सेन 16 साल की उम्र में एक बेटी की मां बन गईं। उनकी बेटी मुनमुन सेन थीं, जो इंडस्ट्री की मशहूर एक्ट्रेस रही हैं।

### सुचित्रा सेन का फ़िल्मी करियर

सुचित्रा सेन ने अपने करियर की शुरुआत शादी के बाद की। उन्होंने 1952 में बंगाली फिल्म 'सारे चतुर' से अपने फिल्मी करियर की शुरुआत की। उनका बॉलीवुड डेब्यू 1955 में फिल्म 'देवदास' से हुआ था। इस फिल्म में पारो का किरदार निभाकर सुचित्रा रातों-रात स्टार बन गईं।

### राज कपूर का प्रस्ताव ठुकरा दिया गया

सुचित्रा सेन एक शीर्ष अभिनेत्री होने के साथ-साथ बेहद स्वाभिमानी भी थीं। उन्होंने राज कपूर की फिल्म सिर्फ इसलिए रिजेक्ट कर दी थी क्योंकि राज कपूर का झुककर फूल देने का तरीका उन्हें पसंद नहीं आया था। इसके अलावा उन्होंने दिग्गज सिनेमा निर्देशक सत्यजीत रे की फिल्म भी ठुकरा दी थी। साल 2005 में उन्हें दादा साहेब फाल्के पुरस्कार देने के लिए बुलाया गया था। सुचित्रा ने इसे भी खारिज कर दिया। वजह ये थी कि उन्हें कोलकाता से दिल्ली जाना था।

### खुद को कमरे में कैद कर लिया

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, सुचित्रा सेन ने एक बार खुद को एक छोटे से कमरे में कैद कर लिया था। वह 36 साल तक कमरे में बंद रहीं। यहां तक कि उनके परिवार को भी उनसे मिलने नहीं दिया गया। दरअसल, उनकी आखिरी फिल्म 'प्रोनॉय पाश' फ्लॉप रही थी, जिससे उन्हें काफी सदमा लगा था। फेफड़ों में संक्रमण के कारण 17 जनवरी 2014 को उन्होंने दुनिया को अलविदा कह दिया। उनके निधन के बाद सुचित्रा सेन को लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।

## खबर संक्षेप



### मस्जिदों व ईदगाह में अदा की जाएगी ईद उल फितर की नमाज

**कोरबा।** रमजान का महीना मुसलमानों के लिए इबादतों का महीना है। पूरे एक माह तक रोज़ा रखते हैं और अल्लाह की इबादत मे मशगूल हो जाते हैं। रामजानुल मुबारक का आखरी जुमा जिसे जुमातूल विदा भी कहा जाता है जहाँ मस्जिदों में भारी संख्या में मुस्लिम भाइयों ने नमाज़ अदा की। जुमातुल विदा का अपना अलग महत्व होता है। मुस्लिम समाज इसे बड़े अक़ीदत के साथ मनाता है। 6 अप्रैल को 25वां रोजा मुकम्मल हो गया है, वहीं कल 26वां रोजा और 27वां सब यानि बड़ी रात जिसे सबे कद्र की रात कहा जाता है रहेगी। ऐसा माना जाता है की सबे कद्र की रात को कुरान मुकम्मल नाजिल हुआ था इस लिए इस रात को सबे कद्र की रात कहा जाता है। रमजान महीने के बाद शव्वाल की पहली तारीख को ईद-उल-फितर का पर्व मनाया जाता है, जिसे मीठी ईद भी कहते हैं। रमजान के आखरी दिनों मे चाँद दिखने पर ईद का एलान किया जाता है। चाँद न दिखने की सूरत मे एतराफ से चाँद की तस्दीक लाकर ईद की घोषणा की जाती है। सुन्नी मुस्लिम जमात के सदर आरिफ खान और कार्यकारी सदर रफीक मेमन ने बताया की जिले में चाँद की तस्दीक के बाद 10 या 11 अप्रैल को ईद उल फितर की नमाज अदा की जाएगी।

### नए क़ानून और वीआईपी सुरक्षा के लिए दिया गया प्रशिक्षण

**कोरबा।** पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देशन में सभी राजपत्रित अधिकारी, थाना प्रभारी और अन्य पुलिस अधिकारियों को नए क़ानून भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य संहिता 2023 एवं वीआईपी सुरक्षा के संबंध में प्रशिक्षण कराया गया। प्रशिक्षण में क़रीब 70 अधिकारियों ने हिस्सा लिया। सबको पीपीटी के माध्यम से विस्तार से विषय के संबंध में बताया गया। अंत में उत्कृष्ट कार्य करने वाले थाना, चौकी प्रभारियों को पुलिस अधीक्षक के द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रशस्ति पत्र वारंट तमिली में और नए सीसीटीवी कैमरे लगवाने में अच्छा कार्य करने वाले अधिकारी को दिया गया।

### केंद्रीय विद्यालय-2 एनटीपीसी के विद्यार्थियों ने मनाया पुस्तकोपहार



**कोरबा।** केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक-2 एनटीपीसी के विद्यार्थियों ने उपहार के रूप में अपने पिछले सत्र की पुस्तकें अपने छोटे भाई-बहनों को भेंट कीं। प्राचार्य एसके साहू ने बताया कि केन्द्रीय विद्यालय संगठन द्वारा पुस्तकोपहार नाम से एक अनोखी पहल चलाई जा रही है। जिसमें विद्यार्थी अपनी पिछले सत्र की पुस्तकें नए सत्र में आने वाले विद्यार्थियों को उपहार के रूप में प्रदान करते हैं। यह संगठन की एक बहुत ही बेहतर पहल है, जिसमें विद्यार्थी बढ़-चढ़कर भाग लेते हैं। इससे विद्यार्थी पर्यावरण के प्रति जागरूक होते हैं। उल्लेखनीय होगा कि प्रतिवर्ष पुस्तकों को छापने के लिए जो कागज बनता है, उसके निर्माण के लिए लाखों पेड़ों को काट दिया जाता है। सभी शिक्षक अपने विद्यार्थियों को पुस्तकोपहार के लिए जागरूक और प्रेरित करते हैं कि वे अपनी पुरानी पुस्तकों को रद्दी न मानें बल्कि उसी कक्षा में आने वाले अपने छोटे भाई-बहनों को उपहार स्वरूप प्रदान करें। इस पहल से प्रकृति और पर्यावरण को सुरक्षित व संतुलित करने में अपना योगदान अर्पित किया जा सकता है।

## रासेयो ने गोद ग्राम भादा में चलाया घर-घर संपर्क अभियान

# मोबाइल ऐप का प्रयोग सिखाकर मतदाताओं को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कमला नेहरू महाविद्यालय कोरबा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा चयनित गोद ग्राम भादा में मतदाताओं को नई तकनीक की जानकारी देते हुए उनकी सहभागिता व जागरूकता बढ़ाने संपर्क अभियान चलाया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला संगठक श्री वाय के तिवारी के नेतृत्व में रासेयो स्वयंसेवकों ने करतला विकासखंड के तरदा ग्राम पंचायत के आश्रित ग्राम भादा में जागरूकता रैली आयोजित कर महिला स्व सहायता समूह के सदस्यों के साथ ही घर-घर जाकर ग्रामवासियों को सजग व जागरूक करते हुए मतदान करने के लिए प्रेरित किया।

संपर्क कार्यक्रम के दौरान 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुकी एक बालिका का ऑनलाइन मतदाता परिचय पत्र बनाने का कार्य भी स्वयंसेवकों द्वारा किया गया। अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर के रासेयो कार्यक्रम समन्वयक डॉ मनोज सिन्हा तथा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ प्रशांत बोपापुरकर के मार्गदर्शन में जयप्रकाश पटेल , वर्णिता सीमा बखला आदि स्वयंसेवकों ने मेरा वोट मेरी पहचान, वोट करेगा कोरबा सशक्त बनेगा कोरबा आदि नारों का वाचन करते हुए परिवारों के बीच जाकर गीतों के माध्यम से उन्हें मतदान तथा एक- एक वोट का महत्व समझाते हुए निर्वाचन में धर्म, वर्ग जाति संप्रदाय और क्षेत्र तथा प्रलोभन से बचते हुए मतदान में सक्रिय भागीदारी के लिए शपथ दिलाई। रासेयो जिला संगठक वाय के तिवारी ने सभी स्वयंसेवकों तथा ग्रामवासियों को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन प्रक्रिया में सहभागिता तथा विभिन्न जानकारी के लिए बनाए गए वोटर हेल्पलाइन एप, सी विजिल एप, सक्षम मोबाइल एप, नो योर कैंडिडेट एप, वोटर टर्न आउट एप आदि के बारे में जानकारी प्रदान कर मतदाताओं को शिक्षित करने तथा मतदान प्रक्रिया से जोड़ने का कार्य किया। स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित दिवा शिविर में स्व सहायता समिति की क्लस्टर हेड श्रीमती कुमुदिनी यादव मितानिन गीता यादव, निशा यादव, शकुंतला महंत, निर्मल दास, विष्णु दास, चंदन दास, धूमदास, राम बाई, गौरी बाई, प्रिया महंत रूबी महंत सावित्री महंत श्वेता महंत आदि की सक्रिय भूमिका रही। कार्यक्रम के आयोजन में रासेयो कार्यक्रम अधिकारी जी एम उपाध्याय, श्रीमती प्रीति द्विवेदी के अलावा जयप्रकाश पटेल सनी राव जगताप, किशन यादव, आशीष यादव धीरज यादव, उदय दास आदि स्वयंसेवकों का सक्रिय योगदान रहा।



ग्रामीणों के बीच अभियान चलाते रासेयो के सदस्य।

# जंगल में लगी भीषण आग धू-धूकर जले कई पेड़-पौधे


बालको रेंज के भटगांव जंगल में लगी आग।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के बालको रेंज अंतर्गत आने वाले भटगांव के पास जंगल में आग लगी है। आग की लपटें दूर से ही नजर आ रही हैं, इसके बावजूद अभी तक वनकर्मियों ने इस पर काबू पाने की कोशिश नहीं की है। जिस क्षेत्र में आग लगी है, वहां बड़ी तादाद में इमारती लकड़ियों के पौधे और तमाम किस्म की वनस्पतियां जलकर खाक हो गई हैं। जंगल में आग लगने से वन्यजीवों की जान को खतरा पैदा हो गया है। स्थानीय लोगों की मानें तो कई छोटे-बड़े पेड़-पौधे आग की चपेट में आकर झुलस गए हैं। इससे पहले कोरबा में मार्च के महीने में भी बालको रेंज के जंगल में भीषण आग लग गई थी। रोगबहरी और जामबहार के बीच के जंगल का बड़ा इलाका आग से जल गया था। आग से बड़ी मात्रा में पेड़-पौधे जलकर खाक हो गए थे। हर साल गर्मी के मौसम में जंगलों में भीषण आग लगती है। इस आग से जंगल में रहने वाले छोटे वन्य प्राणियों की मौत हो जाती है। पेड़-पौधे झुलस जाते हैं। हालांकि वन विभाग ये दावा करता है कि आग को रोकने के उनके पास पर्याप्त इंतजाम हैं, लेकिन जब घटना होती है, तब ये दावे बेकार साबित होते हैं।

# जिले के 30 किकबाक्सर करेंगे राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शिरकत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

किकबाक्सिंग एसोसिएशन के मार्गदर्शन में कोरबा जिला किकबाक्सिंग एसोसिएशन के तत्वाधान में 7 से 15 वर्ष के बालक बालिकाओं की चिल्ड्रन एवं कैडेट वर्ग की जिला स्तरीय किकबाक्सिंग स्पर्धा का आयोजन सीएमए किकबाक्सिंग एकेडमी जिले में में संपन्न हुआ। छत्तीसगढ़ किकबाक्सिंग एसोसिएशन के कार्यकारी अध्यक्ष एवं एकेडमी के संस्थापक तारकेश मिश्रा ने बताया कि उक्त प्रतियोगिता में जिले के लगभग 40 बालक बालिका किकबाक्सिंग खिलाड़ियों ने अलग अलग वजन वर्ग के अंतर्गत प्वाइंट फाइटिंग, लाइट कांटेक्ट एवं किक लाइट के इवेंट्स में हिस्सा लिया। उक्त प्रतियोगिता के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जिला ओलंपिक एसोसिएशन के उपाध्यक्ष गुलशन अरोरा ने सभी चयनित खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए प्रमाण पत्र वितरित किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में खिलाड़ियों को जीत हार की चिंता किए बगैर सदैव खेलते रहने के लिए प्रेरित किया। इस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर बालिका वर्ग में हर्षिता यादव, दिव्या कर्ष, कीर्ति साहू, सृष्टि मिश्रा, कृति शर्मा, आराध्या सिंघल, वृंदा अग्रवाल, मनसा सिन्हा, अवन्या तिवारी, अन्या पी थांकचन, रुत मानिकपुरी, नाफिया सिद्दीकी, आदिया सानवी (डेमो इवेंट) एवं बालक वर्ग में प्रद्युम्न गोयल, अप्रतिम पांडेय, वैदिक पलेरिया, चिराग चौहान, विवान अग्रवाल, श्लोक राज राठौर, रुद्र प्रताप यादव, शिवम यादव, हर्ष, उज्जवल, रुद्रा कुमार यादव, सात्विक वर्मा, शिवा साहू, अमीन खान, आर्यन दास, शिवम यादव, सौकरजा साहा, कुशाल साहू, स्त्रोत दास मानिकपुरी, आशुतोष गुप्ता का चयन आगामी राज्य स्तरीय किकबाक्सिंग प्रतियोगिता हेतु किया गया।


राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित प्रतिभागी।

# अभामा महिला सम्मेलन का राष्ट्रीय अधिवेशन सम्मेद शिखर में संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अभामा महिला सम्मेलन का 21वां राष्ट्रीय अधिवेशन जैनियों के तीर्थ स्थल श्री सम्मेद शिखर पारसनाथ में संपन्न हुआ। जिस में पूरे देश से 700 महिलाएं शामिल हुईं। झारखंड के छौ नृत्य, हल्दीघाटी की मिट्टी से तिलक, किन्नरों के द्वारा आशीर्वाद, उड़ीसा से आए शंख से शंखनाद, प्रमुख नदियों के जल से अहिल्या बाई के शिवलिंग का प्रदेश अध्यक्षओं द्वारा अभिषेक व मशाल प्रज्जवलन, अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्जवलन, गीत संगीत और नृत्य से सभी के अनौपचारिक स्वागत के बाद स्वागत अध्यक्ष मंजू खंडेलवाल एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरा बथवाल ने अतिथियों को दुपट्टा ओढ़ाकर, पुष्प गुच्छ एवं स्मृति चिन्ह देकर सभी का अभिनंदन किया। विभिन्न प्रदेशों से आयी हुई आठ भूतपूर्व राष्ट्रीय अध्यक्षों ने नीरा बथवाल एवं उनकी टीम के द्वारा पूरे 2 सालों में किए गए कार्यों की प्रशंसा करते हुए अधिवेशन के भव्य एवं सफल आयोजन के लिए सभी को बधाई दी। दूरदर्शन एंकर मीनाक्षी शर्मा ने अपनी जादुई आवाज एवं कुशल मंच संचालन से सभी को दो दिनों तक अपनी जगह से हिलने का मौका तक नहीं दिया। राष्ट्रीय सचिव रूपा अग्रवाल ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि अध्यक्ष नीरा बथवाल ने अपने सत्र में कई अभिनव प्रयोग किये जो ऐतिहासिक सफलता के रूप में दर्ज हो गए हैं। सैनिक भाई को मोर्चों पर 6 लाख 7 हजार 790 राखियां भेजी, 20 हजार 54 कन्या शिशुओं को उपहार व माताओं को सम्मान दिए। मृत्योपरांत 24 लोगों के देह दान हुए, 294 के नेत्रदान हुए, 9635 यूनिट रक्तदान किए, वैवाहिक संबंधों के लिए 5 हजार बायोडाटा संकलित किए, 900 विवाह संबंध तय हुए, 998 कन्या का विवाह किया गया, 52 जगहों पर ऐसी भागवत हुईं जिसमें हर दिन कोई न कोई सामाजिक कार्य किए गए।


सम्मेलन में शामिल महिलाएं।

# कर्मा जयंती पर निकली शोभायात्रा


शोभायात्रा निकालती साहू समाज की महिला समिति की सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

तैलिक विकास समिति बालकों नगर द्वारा कर्मा जयंती का आयोजन किया गया। प्रदेश साहू संघ अध्यक्ष टहल सिंह साहू के आदेशानुसार साहू समाज की आराध्या, कुलदेवी, अधिष्ठात्री, भक्त शिरोमणि कर्मा माता की पूजा-अर्चना सुबह ग्यारह बजे किया गया, उसके बाद भक्त माता कर्मा को खिचड़ी का भोग लगाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला साहू संघ अध्यक्ष गिरिजा साहू रहे। उन्होंने कहा कि समाज की एकता और अखंडता के बारे में सभी स्वजातीय बंधुओं को अवगत कराया। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठजनों एवं अध्यक्ष द्वारा भक्त माता कर्मा के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला गया। कर्मा जयंती के उपलक्ष्य में शाम को 6 बजे महिला साहू समाज द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जो साहू सदन से प्रारंभ होकर बस स्टैंड बालको पर संपन्न हुआ। शोभायात्रा में छोटे-छोटे बच्चे श्रीकृष्ण व माता कर्मा के वेश में अत्यंत मोहक लग रहे थें। इस अवसर पर समाज संरक्षक गोरेलाल साहू, अध्यक्ष अमर दास साहू, महासचिव डिकेश्वर साहू, कोषाध्यक्ष शशिकांत साहू, उपाध्यक्ष टिकेंद्र साहू, लेखराम साहू, कलेशराम साहू, भूषण साहूजी, खोमलाल साहू, शरद साहू, रेवा शंकर साहू, वोसंत साहू, रविकांत साहू, सुदामा साहू, गरिमा साहू, हिमानी साहू, पूजा साहू, कविता साहू, लक्ष्मी साहू, ज्योति साहू, आशाराम साहू, राजशेखर साहू, हीरानंद साहू, शैलेंद्र साहू, उमा साहू, अर्चना साहू, नीता साहू, सुचिता साहू, इंदु उपासना साहू, मधु मनीषा साहू सहित बड़ी संख्या में स्वजातीय जन एवं बच्चे उपस्थित रहें। कार्यक्रम का संचालन महासचिव डिकेश्वर साहू ने किया एवं आभार प्रकट उपाध्यक्ष टिकेंद्र साहू द्वारा किया गया।

# बाल विवाह को रोकने की कार्रवाई परिजनों को दी गई समझाइश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

महिला एवं बाल विकास विभाग की संयुक्त पहल से आदिवासी बाहुल्य जिले में एक विवाह के लिए विधिक रूप से नाबालिग युवती बालिका वधू बनने से बच गई। बारात आने से पहले विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर परिजनों को बाल विवाह के दंडात्मक कानूनों से अवगत कराते हुए समझाईश देकर बाल विवाह रुकवाई।

पोंडी उपरोड़ा परियोजना के अंतिम वनांचल ग्राम लखनपुर में शादी का कार्यक्रम रखा गया था। महिला एवं बाल विकास विभाग को सूचना दी गई कि लड़की नाबालिग है। सूचना मिलते ही परियोजना अधिकारी श्रीमती निशा कंवर ने डीपीओ श्रीमती रेणु प्रकाश ने आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। सीडीपीओ के नेतृत्व में पर्यवेक्षक स्वाति पैकरा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता शकुन साहू, सरपंच जगदीश प्रसाद के साथ संबंधित परिवार में पहुंचे। टीम के सदस्यों ने नाबालिग लड़की की अंकसूची में पाया कि उसकी आयु 17 वर्ष 8 माह है। अधिकारियों ने परिजनों को युवती के विवाह की निर्धारित आयु 18 वर्ष पूर्ण होने के उपरांत ही विवाह करने की सझाइश दी। लड़के व उसके परिजन को समझाईश देते हुए साथ ही निर्धारित आयु से पूर्व विवाह करने पर बाल विवाह के लिए निर्धारित सजा के प्रावधानों से अवगत कराया।



### शहर के चिमनी भट्ठा में पेयजल संकट

**कोरबा।** उपनगरीय क्षेत्रों के अलावा नगर निगम का शहरी क्षेत्र पेयजल समस्या से जूझने लगा है। अल आवर्धन योजना लागू होने के बाद भी वार्डों में पानी की समस्या खड़ी हो गई है। स्थिति यह है कि अभी से टैंकर से पानी की सप्लाई करना पड़ रहा है। ऐसी ही स्थिति टीपी नगर जोन अंतर्गत आने वाले चिमनी भट्ठा वार्ड की है। जहां निगम का पानी पहुंच नहीं रहा है। बताया जाता है कि नलों से पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं आने के कारण लोगों को पानी उपलब्ध नहीं हो पाता। पानी की सुविधा हेतु चिमनी भट्ठा क्षेत्र में टैंकर से पानी की सप्लाई की जा रही है, जबकि अभी गर्मी की शुरूआत है और अभी से स्थानीय निवासियों को टैंकर के भरोसे पानी मिलने की स्थिति आ गई है, तो ऐसे में मई और जून माह में पड़ने वाली तेज गर्मी के दौरान क्या स्थिति होगी? यह चिमनी भट्ठा बस्ती के लोग ही समझेंगे। हालांकि निगम प्रशासन टैंकर व्यवस्था करने की बात कहता है, किंतु जितने टैंकर भेजे जा रहे हैं उससे पूर्ति नहीं हो रही।

## पृष्ठ 1 का शेष

### जिला अधिवक्ता संघ...

चौक से कोसाबाड़ी चौक तक प्रत्याशियों के समर्थक मतदाताओं के साथ घूमते और बैंठकें करते नजर आए। मेन गेट में जहां पुलिस के जवान सुरक्षा के लिए मौजूद थे वहीं प्रत्याशी मतदाताओं को रिझाने के लिए अपने अपने तरीके अपना रहे थे। गहमा गहमी का दौर उस समय शुरु हुआ जब भैसमा और बरपाली तहसील के अधिवक्ता वोट डालने पहुंचने लगे। आमतौर पर अधिवक्ता संघ के चुनाव में हर प्रत्याशी की नजर ग्रामीण अंचल के मतदाता अधिवक्ताओं पर टिकी रहती है और वही निर्णायक भूमिका भी निभाते हैं। न्यायालय परिसर में इस तरह के नजारे नजर आए। जब मतदाताओं की संख्या से अधिक प्रत्याशी नजर आ रहे थे। अधिवक्ता संघ के चुनाव को लेकर जिले के राजनीतिक दलों की भी नजरें टिकी हुई थी। दोपहर 2 बजे तक 5 सौ से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर रहे थे। लंच के बाद 3 बजे से वोटिंग के दौर में ज्यादा तेजी नजर आए।

### ट्रेलर चालक ने...

मौके से फरार हो गया। पुलिस ने पहचान उपरांत हादसे की जानकारी परिजनों को दे दी है। दोनों वाहनों को जप्त कर लिया गया है। शव को पोस्टमार्टम बाद परिजनों को सौंपा दिया गया है। वहीं फरार ट्रेलर चालक की तलाश की जा रही है।

### मौसम ने लिया...

पड़ा। पंडाल गिरने के कारण अफरा-तफरी मच गई। वहां से गुजरने वाले राहगीर बाल-बाल बच गये। इस घटना में किसी को भी कोई चोट नहीं आई है। मौके पर पहुंचे यातायात पुलिस ने मार्ग परिवर्तित कर लोगों की मदद से रोड जाम खुलवाने का कार्य किया है। टेंट हाउस के कर्मी और आयोजन से जुड़े लोग भी गिरे हुए टेंट को खोलकर सड़क से हटाने में मदद करते नजर आए।

कोरबा मार्केट




AFFIDAVIT

I, VIJAY KUMAR SAHU (Old name) S/O SARJU PRASAD R/O MQ168 URJA NAGAR DIST KORBA (C.G.), do hereby solemnly affirm and declare as under:

1. That I am the citizen of India. 2. That my name has been recorded as VIJAY KUMAR SAHU (Old name)in my educationaland other relevant documents. 3. That now I have changed my name permanently as VIJAY KUMAR RATHORE (New name)in place of my previous name i.e., VIJAY KUMAR SAHU (Old name). 4. That in future I will be known by my new name i.e.," VIJAY KUMAR RATHORE (New name)"for all the purposes. 5. That I further declare that both the names mentioned hereinabove belongs to one and the same person i.e. "myself". 6. That my statement is true and correct.

I am Executing this Declaration to be submitted to the Concerned Authorities for the Change of my Name.

DEPONENT

# कांग्रेस तोड़-फोड़ की राजनीति नहीं करती : ज्योत्सना



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा लोकसभा क्षेत्र की जनता ने हमेशा से ही डॉ. महंत परिवार को स्नेह व आशीर्वाद देते आई है। जनता के भरोसे पर महंत परिवार सदैव खरा उतरने के लिए प्रयासरत रहा है। आप सबने पिछले चुनाव में मुझे सेवा करने का अवसर दिया और एक बार फिर आप सबके आशीर्वाद की जरूरत है। कांग्रेस सबको जोडक़र रखने में विश्वास करती है और तोड़-फोड़ की राजनीति नहीं करती और न ही किसी तरह का दबाव डाला जाता है।

उक्त बातें सांसद व कोरबा लोकसभा उम्मीदवार ज्योत्सना महंत ने रविवार को संसदीय क्षेत्र के गणेशपुर, कंहारबहरा, जिल्दापारा, पड़ीता आदि गांवों का दौरा व जनसंपर्क के दौरान कही। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने अपने न्याय पत्र में देश की जनता के लिए 5 गारंटी ली है। हमें काम करने का एक अवसर मिलना चाहिए ताकि इन सभी गारंटियों को पूरा कर सकें।

# कांग्रेस पूरी तरह देश से खत्म हो चुकी है : सरोज पांडेय



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कांग्रेस पूरी तरह देश से खत्म हो चुकी है। बचे कुछ लोग भी अब टूटकर बीजेपी में शामिल हो रहे हैं। निश्चितरूप से आने वाले लोकसभा में 11 की 11 सीटे भारतीय जनता पार्टी ही जीतेगी और देश में नरेंद्र मोदी की सरकार बनेगी।

उक्त बातें दर्री तहसील क्षेत्र में हुए होली मिलन समारोह के दौरान कोरबा लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी सुश्री सरोज पांडे ने कही। सुश्री पांडेय ने कहा कि कोरबा का विकास षड्यंत्रपूर्वक रोका गया है। खनिज और सीएसआर मद का दुरुपयोग किया जाता रहा है, वहीं कोरबा में प्रदूषण भी एक बड़ी समस्या है। जल्द ही नई सरकार बनने पर सर्वसुविधा युक्त अस्पताल की सेवा जिलेवासियों को प्रदान की जाएगी। इस दौरान सुश्री सरोज पांडेय, पूर्व विधायक रामदयाल उइके एवं पूर्व जनपद उपाध्यक्ष सर्वजीत सिंह उपस्थित में 11 सौ से अधिक लोगों ने भाजपा का दामन थामा।


## खबर संक्षेप



### संस्कार भारती इकाई की बैठक में लिए गए अहम निर्णय

**कोरबा।** संस्कार भारती इकाई कटघोरा की बैठक शनिवार को दर्शन निवास स्थान एलआईजी कालोनी में संपन्न हुआ। बैठक में सर्वसम्मति से होली मिलन समारोह कार्यक्रम आय, व्यय प्रस्तुत किया गया। 9 अप्रैल को नए वर्ष के अवसर पर सुबह 6 बजे सूर्य भगवान को 21 लोगों द्वारा शंखनाद के साथ सूर्य भगवान को अर्ध्य दिया जवेगा। जिसमें इकाई के सभी सदस्य उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में जेएस मांनसर, पीएन योगी, शिवशंकर जायसवाल, शिव दुबे, लक्ष्मी गर्ग, विनय सिंह, आशीष गोपाल, संतोष साहू, भारत भूषण साहू, राज यादव, दविंदर कोर, हेमलता सिदार, रामविशाल डिक्सैना, विनोद जायसवाल सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। हिंदू नववर्ष के उपलक्ष में दीप प्रज्वलित के समय संस्कार भारती का अथक सहयोग भी रहेगा।

### युंका प्रदेश प्रभारी व प्रदेश उपाध्यक्ष का किया गया स्वागत



**कोरबा।** युवा कांग्रेस जिला कोरबा द्वारा युवा कांग्रेस जिला महासचिव मधुसूदन दास के नेतृत्व में गुरसिया चौक के समीप युवा कांग्रेस प्रदेश प्रभारी डॉ.पलक वर्मा, युवा कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष मानस पाण्डे के आगमन पर कार्यकर्ताओं के साथ लोकसभा क्षेत्र में बैठक हेतु आगमन के दौरान स्वागत किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप सेयुवा कांग्रेस उपाध्यक्ष दीपेश यादव, शिवनंदन कुजूर, मंजू खुसरो, विनोद उर्रे, आरटीआई कांग्रेस जिलाध्यक्ष कमल किशोर चंद्रा, बबलू मारवा, एनएसयूआई महासचिव जुनैद मेमन, महसचिव रामदास महंत, दुर्गा कोल, मनीष कंवर, रुद्र साहू, धनजय राठौर, हर्ष साहू, प्रमोद काकड़े, संध्या श्रीवास, जाया रानी, हिरामती सिदार, आरती नेताम, रोशनी, मनोज उर्रे, छोटू, बिपत, गंगा प्रसाद, देव प्रताप, ओमप्रकाश, रमेश यादव, मोनू सिदार, विक्की दास, मनमोहन, केदार साहू सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### जल ही जीवन है का संकल्प लेकर आमजनों ने की तालाब की साफ-सफाई



**कोरबा।** जल ही जीवन है का संकल्प लेकर आने वाले कल के लिए जल का संरक्षण आज से ही सुनिश्चित करना आवश्यक है। जिसके तहत आमजनों के सहयोग से स्वच्छता के लिए श्रमदान कर अभियान चलाया जा रहा है। रविवार को इस पुनीत कार्य में पहल करते हुए पोड़ी-बहार मुक्तिधाम के सामने स्थित तालाब में सफाई अभियान चलाया गया। एक अप्रैल से प्रारंभ किए गए स्वच्छता महाअभियान के तहत 6वें दिन सुबह 6 बजे से सुबह 9 बजे तक पोड़ीबहार मुक्तिधाम तालाब की साफ-सफाई की गई। बड़ी संख्या में शामिल रहे युवाओं और स्थानीय नागरिकों के सहयोग से यह स्वच्छता कार्य लगातार किया जा रहा है। सेवा भाव से श्रमदान की पहल कर रही सेवाभावी टीम ने इस पुनीत कार्य में अधिक से अधिक लोगों को सहयोग कर महाभियान को सफल बनाने तथा तालाब को प्रदूषण मुक्त करने में अपनी भूमिका निर्वहन करने का आग्रह किया है। इस दौरान पार्षद धरम निर्मले, डॉ. राजेश राठौर, मोनू ठाकुर, अनुराग ठाकुर, संजय पांडे, बसंत बैरागी, आशीष, दलहरण यादव, स्वरूप बैरागी, केशव सिंह, बुधेंद्र राजवाड़े, बद्री वस्त्रकर, विजय राठौड़, धनंजय साहू, सुरेंद्र यादव, शिव सिंह शामिल रहे।

### हायर सेकेंडरी स्कूल बोइदा में किया किया प्रेरणा कार्यक्रम का आयोजन

**कोरबा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बोईदा व भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा प्रायोजित कार्यक्रम प्रेरणा के तहत व प्राचार्य लखन लाल बंजारे के निर्देशन पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी निहारिका ईम्मानुएल,राजेंद्र कुमार नायक कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना बोईदा के प्रमुख मार्गदर्शन पर व छात्र छात्रों में उनके अंदर क्षमता विकास हेतु कक्षा 9वीं से 12वीं तक छात्र छात्रों का पेंटिंग, निबंध, कविता लेखन,कहानी लेखन, गायन व विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से प्रेरणा कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक रजनी विश्वकर्मा, अवधा पोर्ते, दुर्गा मरावी, मुस्कान ओगे, महिमा यादव, देवेंद्र कुमार पटेल, राकेश कुमार पटेल प्रतिभागियों ने अपना उत्तम सहभागिता योगदान दिया। जिसको संजोया गया है। इस अवसर पर संजय कुमार पांडे, पुरषोत्तम देवांगन, वीरेंद्र कुर्रे,भारती सिंह तोमर, सुनील कुमार मिश्रा, सेत कुमार सांड, परमेश्वर राम मराठा, किरण जांगड़े ने अपना अहम उपस्थित दिया। विद्यालय स्तर से चयनित छात्र-छात्रा जिला में जाएंगे।

## हिन्दू नववर्ष की तैयारी...







हिन्दू नववर्ष की तैयारी में टीपी नगर चौक में भगवान राम की आकर्षक झांकी, रौशनी से सजा टीपी नगर मुख्य मार्ग एवं पॉवर हाउस रोड में नजर आ रही रंग बिरंगी झालर।

### मड़वारानी से लेकर चैतुरगढ़ के पहाड़ तक गूंजेंगे मां के जयकारे

# कल से नवरात्रि, मंदिरों में जलेंगे मनोकामना ज्योतिकलश



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मंगलवार से 9 दिन तक चलने वाला चैत्र नवरात्र पर्व चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के साथ शुरु हो रहा है और इसी के साथ ही हिन्दू नववर्ष की शुरुआत हो जाएगी। भक्ति के इस पावन पर्व पर शहर में जहां आकर्षक शोभायात्रा निकाली जाएगी तो वहीं आदिशक्ति के मंदिर जयकारों से गूंज उठेंगे। शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों के मंदिर चैत्र नवरात्र की तैयारियों में डूबे हुए हैं।

शहर के सर्वमंगला मंदिर, भवानी मंदिर सहित पुरानी बस्ती के दुर्गा मंदिर चैत्र नवरात्रि के अवसर पर धार्मिक अनुष्ठानों के साथ मनोकामना ज्योतिकलश प्रज्जविलत किए जाएंगे तो वहीं ग्रामीण अंचलों के प्रसिद्ध देवी मंदिर मड़वारानी से लेकर चैतुरगढ़ के पहाड़ पर विराजित मां महिषासुर मर्दिनी, कोसगई पहाड़ पर स्थापित कोसगई देवी वहीं सकदुकला के डगनाई पहाड़ पर डगनाई देवी मंदिर में 9 दिन के आराधना का पर्व शुरु हो जाएगा। जिले के पहाड़ी अंचलों में विराजित देवी मंदिरों में चैत्र नवरात्र पर्व की धूम अलग ही नजर आती है। जहां आदिशक्ति की भक्ति के कई नजारे दिखते हैं। बीते एक पखवाड़े से इन मंदिरों में नवरात्र पर्व की तैयारियां चल रही थी। मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित कराने देवी भक्तों की भीड़ भी मंदिरों में पहुंची हुई है। प्रतिवर्ष प्रज्जवलित होने वाले मनोकामना ज्योति कलश की संख्या भी बढ़ रही है। हिन्दू नववर्ष के शुभारंभ का दिन होने के कारण इस अवसर पर शहर को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। साथ ही चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के अवसर पर कोसाबाड़ी हनुमान मंदिर से और सीतामणी रामजानकी मंदिर से दो बड़ी झांकियों वाली शोभायात्रा निकाली जाएंगी। जिसके लिए शहर को सजा दिया गया है। आकर्षक लाइटों से शहर के मुख्य मार्ग और चौक चौराहे सजे नजर आ रहे हैं।

#### होंगे विविध आयोजन

चैत्र नवरात्र के अवसर पर मंदिरों में भोग भंडारे के अलावा जगराता जैसे विविध कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। 9 दिन चलने वाले भक्ति के इस पर्व पर ग्रामीण क्षेत्रों में मानस मंडली के कार्यक्रम ही आयोजित होंगे। पहाड़गांव में जमीन के नीचे स्थित माता का मंदिर आकर्षण का केंद्रर रहता है। जहां दूर दराज से पहुंचने वाले दर्शनार्थी आदिशक्ति का दर्शन करने के साथ जमीन के नीचे मिले मंदिर का अवलोकन भी करते हैं। जहां पुरानी प्रतिमा खुदाई के दौरान प्राप्त हुई थी।

#### माता की उपासना और पूजा के लेकर भक्तों में खासा उत्साह

**चैतमा।** चैत्र नवरात्रि की शुरुआत 9 अप्रैल से शुरू हो रही है, माता की उपासना और पूजा के लेकर भक्तों में खासा उत्साह है। इसी दिन से मां आदिशक्ति की 9 रूपों की उपासना शुरू हो जाएगी। आदिशक्ति महामाया के भक्त 9 दिन तक व्रत रखकर उपासना करेंगे। पर्व को लेकर चैतमा आदि शक्ति महामाया मंदिर से लेकर आसपास के ग्रामीण इलाकों में सभी देवी मंदिर विशेष तैयारी चल रही है। मंदिर की साफ सफाई और व्यवस्था को सुसज्जित कर लिया गया है। रंग बिरंगी झालर और लाइट से मंदिर को सजा दिया गया है। चैतमा महामाया मंदिर भक्तों के लिए आस्था का केंद्र है। दूर दराज से यहां दर्शन करने के लिए भक्त आते हैं। आचार्य श्याम कुमार दुबे ने बताया कि इस बार चैत्र नवरात्रि शुक्ल पक्ष के प्रतिपदा तिथि मंगलवार को घाट की स्थापना की जाएगी। मां आदिशक्ति की उपासना और विशेष सिद्धि की कामना की पूर्ति होती है। महामाया मंदिर में ज्योति कलस जलवाने के लिए 651रूपये और मंगल जवारा के लिए 211 रुपए के साथ रसीद प्राप्त कर सकते हैं। समिति ने बताया कि प्रतिदिन सुबह शाम माँ आदिशक्ति की विशेष आरती होगी, और शाम को जस गायन का विशेष आयोजन किया जाएगा।



#### कनकी में नवरात्र की तैयारी पूरी



कनकेश्वरधाम कनकी में चैत्र नवरात्र की तैयारी जोर-शोर से चल रही है। कनकेश्वरी महामाया मंदिर की साफ-सफाई एवं रंग रोगन का कार्य किया जा रहा है। मंदिर के प्रधान पुजारी पुरुषोत्तम प्रसाद ने बताया कि चैत्र नवरात्र पर्व का आयोजन 9 अप्रैल से शुरू होकर 17 अप्रैल तक चलेगा। यहां स्थित मां महामाया के दरबार को नवरात्रि पूजा के लिए सजाया जा रहा है। 9 अप्रैल से मां का दरबार भक्तों के लिए सुबह से देर रात तक खुला रहेगा। इस बार चैत्र नवरात्र के मौके पर कनकेश्वरी महामाया मंदिर में हजारों ज्योति कलश जगमगाएंगे। महामाया देवी के दर्शन के लिए पड़ोसी जिले सहित अन्य प्रदेश के भक्त देवी की उपासना करने पहुंचते हैं एवं मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित कराते हैं। यह मंदिर क्षेत्रवासियों के लिए धार्मिक आस्था का केंद्र है। शक्ति का पर्व चैत्र नवरात्र के नौ दिनों तक माता की भक्ति में भक्त लीन रहेंगे। कनकेश्वरधाम में विराजी मां महामाया की महिमा बड़ी निराली है। दुर्गा सप्तशती के साथ ही देवी पुराण में महामाया के बारे में जो कुछ लिखा है, ठीक उन्हीं रूपों के दर्शन कनकेश्वरधाम में विराजी महामाया के रूप में होती है। महामाया मंदिर में शक्ति के तीनों रूप दिखाई देते हैं। कनकेश्वरधाम को धार्मिक आस्था की नगरी के रूप में भी जाना जाता है। कनकेश्वरी महामाया मंदिर के प्रबंधक ने बताया कि हर साल की तरह इस साल भी ज्योति कलश प्रज्ज्वलित किये जाएंगे। मंदिर में तेल ज्योति कलश, घृत ज्योति एवं जवारा कलश ज्योति प्रज्ज्वलित किया जावेगा। वहीं नवरात्र पर्व पर प्रतिदिन जसगीत कार्यक्रम का आयोजन होगा। मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित कराने के इच्छुक श्रद्धालु मंदिर के प्रधान पुजारी पुरूषोत्तम प्रसाद के पास सहयोग राशि जमा कर रसीद प्राप्त कर सकते हैं।

## चालक से मारपीट व लूट, पुलिस से शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

धनरास राखड़ डेम से राखड़ लोड कर देवदा जा रहे वाहन चालक व हेल्पर से मारपीट व लूट की घटना सामने आई है। ट्रेलर चालक जब पर्ची एंट्री कराकर खाना खा रहा था तो कुछ लोग मौके पर पहुंचे और दोनों को ट्रेलर से नीचे उतारकर मारपीट व लूट की घटना को देकर फरार हो गए हैं। चालक ने इसकी शिकायत पुलिस से की है।

दर्री थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रोहनिया पोस्ट झगडाखंड निवासी अनुज कनौजिया पिता राजनाथ जो ब्रेजेश्वरी ट्रांसपोर्ट रायपुर की वाहन क्रमांक सीजी 04 पीए 7737 का चालक है। 5 व 6 अप्रैल की दरमियान रात में धनरास राखड डेम से राखड़ लोड कर के देवदा के पास जा रहा था और एनटीपीसी के कंटेनर से पर्ची एन्ट्री कराकर कंटेनर के पास ट्रेलर खड़ी कर खाना खा रहा था। इसी दौरान प्रवीण अग्रवाल के साथ 10 से 12 लोग बोलेरो व स्कॉर्पियो गाड़ी से आए और अनुज व पूरनलाल चौहान को गाड़ी से उतारकर मारपीट करने लगे। इस दौरान उन्होंने गाड़ी का साइड ग्लास तोड़ दिया और अनुज के 27 सौ रुपए और उसके साथी पूरनलाल चौहान का 12 सौ लूट लिए। जाते समय प्रवीण अग्रवाल बोल रहा था कि तुम्हारे यूनियन वाले के कारण बाहरी राज्यों के वाहन बंद हो गया है, वे लोग हमें पैसा देते थे अब तुम्हें भी यहां चलने नहीं देंगे। अगर दोबारा आओगे तो फिर से तुम्हें मारेंगे और तुम्हारे यूनियन वाले को भी मारेंगे। अनुज कनौजिया ने इसकी शिकायत थाना में करते हुए प्रवीण अग्रवाल और उनके साथियों पर कार्यवाही करने की मांग की है।



ज्ञापन देने पहुंचे वाहन चालक।

## ट्रक ने विद्युत खंभे को मारी ठोकर, घंटों रही बिजली बाधित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कुसमुंडा पुराने पेट्रोल पंप टंकी के पास लगे ट्रांसफार्मर को वाहन चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए खंभे को अपनी चपेट में लिया। खंभा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। जिससे पूरे गांव में पूरा विद्युत आपूर्ति बाधित रही। कुसमुंडा मार्ग पर शनिवार की रात एक कैप्सूल वाहन ने अनियंत्रित होकर रोड के किनारे बिजली पोल को ठोकर मार दी, जिससे पोल क्षतिग्रस्त हो गया। कुसमुंडा मार्ग मार्ग में रविवार की रात एक ट्रक वाहन ने अनियंत्रित होकर रोड के किनारे बिजली पोल को ठोकर मार दी। इससे पोल क्षतिग्रस्त हो गया। घटना की वजह से कुसमुंडा क्षेत्र में रातभर बिजली गुल रही और ग्रामीण हलकान रहे। ग्रामीणों के अनुसार पाहंदा में शनिवार की रात लगभग 12 बजे कोरबा की ओर से जा रहा ट्रक वाहन सड़क किनारे बिजली पोल को ठोकर मार दी। वाहन की गति इतनी तेज थी कि वाहन की ठोकर से विद्युत पोल दो टुकड़ों में बंट गया।



## इस साल लोगों को नहीं झेलनी होगी राखड़ की समस्या

**कोरबा।** पर्यावरण विभाग ने गर्मी के मौसम को देखते हुए जिले के सभी पॉवर प्लांट प्रबंधन को नोटिस जारी कर अपने राखड़ बांध में पर्याप्त नमी बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। गर्मी के मौसम में अक्सर मौसम का मिज़ाज बदलता है, जिससे राख उड़कर लोगों के घरों तक पहुंचती है, जिससे उन्हें काफी परेशान होना पड़ता है। यही वजह है कि विभाग पहले ही समस्या के समाधान को लेकर मुस्तैद नजर आ रहा है। गर्मी के मौसम में जिले की जनता को राखड़ की समस्या से परेशानियों का सामना ना करना पड़े इस बात को ध्यान में रखते हुए पर्यावरण विभाग ने पहले ही सभी पॉवर प्लांट प्रबंधनों को नोटिस जारी कर कहा है कि अपने अपने राखड़ बांध में पर्याप्त नमी बनाकर रखें।




### आबकारी विभाग व सीएसएमसीएल ने जारी किए टोल फ्री नंबर

# अधिक मूल्य पर शराब बिक्री की कर सकते हैं शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मदिरा प्रेमियों के लिए एक राहत भरी खबर है। अब मदिरा प्रेमी किसी भी सरकारी दुकान में शराब खरीदने के दौरान शासन द्वारा निर्धारित दर से अधिक मूल्य पर शराब बिक्री करने की शिकायत कर सकते हैं। इसके लएएशासन द्वारा जारी लिंक पर मूल्य देखकर अधिक दर पर बिक्री की शिकायत आबकारी विभाग व सीएसएमसीएल के टोल फ्री नंबर 14405 पर कर सकते हैं।

उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार द्वारा 1 अप्रैल से मदिरा में वृद्धि करते हुए मदिरा विक्रय दर सूची जारी की गई है। नई सूची के अनुसार अब देशी मदिरा के प्रचलित क्वार्टर के मूल्य में 12.5 प्रतिशत, विदेशी मदिरा में प्रचलित चीपर रेंज के क्वार्टर के मूल्य में 8 प्रतिशत, जबकि विदेश से आयातित (बोर्न इन ओरिजिन) कतिपय प्रचलित ब्रांड के मूल्य में 45 प्रतिशत और इससे भी अधिक तक की वृद्धि की गई है। साथ ही 01 अप्रैल से पूर्व मदिरा दुकानों में संग्रहित हो चुकी मदिरा भी 1 अप्रैल से बढ़े हुए मूल्य पर ही बेची जा रही है। मदिरा की बोतलों में पुराना रेट स्टीकर ही लगा होने के कारण ग्राहकों को नए मूल्य की वास्तविक जानकारी नहीं मिल पा रही है। ग्राहकों को शराब खरीदने के बाद मदिरा दुकानों से बिल प्राप्त होने पर ही इसके वास्तविक मूल्य की जानकारी मिलेगी। शासन द्वारा निर्धारित दर से अधिक मूल्य पर शराब बिक्री को लेकर कदम उठाए जा रहे हैं। शराब के दरों में पारदर्शिता लाने के लिए विभाग द्वारा लिंक जारी किया गया है। इस वेब लिंक पर जाकर भी मोबाइल के माध्यम से मूल्य की जानकारी ली जा सकती है। हालांकि दुकानों एवं गोदाम में संग्रहित मदिरा की समाप्ति के पश्चात नए विक्रय दर प्रिंट के साथ मदिरा प्राप्त हो सकेगी। विदेशी मदिरा के कई प्रचलित ब्रांड लेबल्स का मूल्य जारी होना शेष रहने के कारण मूल्य जारी होने तक दुकानों में संग्रहित ऐसी मदिरा का विक्रय प्रतिबंधित रहेगा, जिसे मूल्य जारी होने के बाद विक्रय किया जाएगा। मदिरा दुकानों में नई विक्रय दर सूची चस्पा की जा रही है। मदिरा दुकानों में ओवर रेट की शिकायत आबकारी विभाग और सीएसएमसीएल के टोल फ्री नंबर 14405 पर की जा सकती है।

